रेलवे क्रासिंग बंद होने से ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें, खोलने की मांग

स्टेशन अधीक्षकको सौंपा ज्ञापन, वैकल्पिक रास्ता देनेकी उठायी मांग

नैनी (प्रयागराज)। तहसील करछना के छोटा चाका नई बस्ती के ग्रामीणों ने बंद पड़ी रेलवे क्रासिंग एलएक्स-४३५ आर को तत्काल खुलवाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने लिंक जंक्शन नैनी के स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आवागमन की समस्या से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने बताया कि छोटा चाका नई बस्ती की आबादी करीब ४,००० है। गांव के लोगों को प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राशन की दुकान और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए बड़े चाका जाना पड़ता है। दोनों गांवों के बीच रेलवे लाइन होने के कारण पहले एलएक्स-४३५ आर रेलवे क्रासिंग से आवागमन होता था, लेकिन काफी समय पहले इसे बंद कर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि क्रासिंग खुलवाने के लिए कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब संबंधित स्थान पर बैरिकेडिंग कर रास्ता पूरी तरह बंद किया जा रहा है। इससे लोगों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है। पहले ग्रामीण ट्रेन का आवागमन देखकर रेलवे लाइन पार कर आते-जाते थे। इस रास्ते से बच्चों को स्कूल जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और अन्य जरूरी कामों के लिए आना-जाना पड़ता था। गर्भवती महिलाओं को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने में परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने कहा कि रास्ता बंद होने के बाद आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने रेलवे प्रशासन से बंद क्रासिंग को तत्काल खुलवाने अथवा आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि रास्ता नहीं मिलने से बच्चों की शिक्षा, इलाज और अन्य जरूरी सुविधाएं प्रभावित होंगी।

मझियारी गांव में बनेगी एक किमी सड़क

ग्रामीणों को कीचड़ से मिलेगी निजात

विधायक डा. वाचस्पति के प्रयास से मिली सौगात

लालापुर (प्रयागराज)। बारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मझियारी गांव के ग्रामीणों के लिए यह राहत भरी खबर है। गांव में स्कूल से लेकर कुल एक किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क का निर्माण कराया जायेगा। योजना के तहत ५०० मीटर सीसी सड़क तथा ५०० मीटर काली (डामर) सड़क बनायी जायेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को वर्षों पुरानी कीचड़ और आवागमन की समस्या से स्थायी मुक्ति मिलेगी।बारा विधायक डा. वाचस्पति के प्रयासों से सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। बरसात के मौसम में मार्ग पर भारी कीचड़ एवं जलभराव होने से राहगीरों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता (जेई) अमरपाल सिंह ने बताया कि मझियारी गांव की एक किलोमीटर सड़क की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर निर्माण कार्य धरातल पर शुरू कराया जायेगा।



विनीता हास्पिटल में पेंशनर्स के लिए नि:शुल्क हृदय जांच शिविर

फाफामऊ (प्रयागराज)। बाईपास स्थित विनीता हास्पिटल में शनिवार को गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सहित तीन संघटनों के सदस्यों के लिए नि:शुल्क हृदय, फेफड़ा एवं श्वास रोग जांच शिविर आयोजित किया गया।

डा. जीके अग्रवाल ने बीपी-शुगर की नियमित निगरानी, नमक-तेल का कम सेवन और रोजाना ३० मिनट टहलने की सलाह दी। कार्डियोलाजिस्ट डा. पंकज गुप्ता ने वजन व तनाव नियंत्रित रखने तथा सीने में दर्द होने पर तुरंत ईसीजी कराने पर जोर दिया। संस्थान के निदेशक डा. बिन्दू विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि प्रबंध निदेशिका डा. विनीता विश्वकर्मा ने आभार जताया। पेंशनर्स संगठनों के अध्यक्ष डा. आरएस वर्मा, राजेश यादव और सुशील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हृदय रोग से बचाव के लिए नियमित जांच और संतुलित दिनचर्या जरूरी



निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था की मांग को लेकर रैली निकालते लोग।

मिले भरत से रघुराई, सबकी आंखें भर आयी

कौंधियारा (प्रयागराज)। क्षेत्र की आदर्श बाल रामलीला समिति पीड़ी के तत्वावधान में बृहस्पतिवार की रात भरत मिलाप का भावपूर्ण एवं सजीव मंचन किया गया। लंका विजय के उपरांत भगवान श्रीराम और अनुज भरत के पुनर्मिलन के इस मार्मिक दृश्य को देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

मंचन के दौरान लंका पर धर्म की पताका फहराने के बाद अयोध्या लौटते समय प्रभु श्रीराम ने भक्तवत्सल हनुमान जी के माध्यम से अपने आगमन का संदेश भेजा। रामदूत हनुमान से बड़े भाई के सकुशल लौटने का समाचार पाते ही भरत भावविह्वल होकर नंगे पांव अगवानी के लिए दौड़ पड़े। मिलन स्थल पर भरत और शत्रुघ्न प्रभु के चरणों में साष्टांग दंडवत हो गये।

'परे भूमि नहिं उठत उठाए, बल करि कृपा सिंधु उर लाए।'–इस प्रसंग के मंचित होते ही प्रभु श्रीराम ने भरत को उठाकर गले से लगा लिया। इसके बाद चारों भाइयों का परस्पर मिलन होते ही पूरे पंडाल में पुष्पवर्षा होने लगी और परिसर 'जय श्री राम' तथा 'चारों भइयन की जय' के उद्घोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने माता सीता सहित चारों भाइयों की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। रामलीला कमेटी के प्रबंधक राजकुमार शुक्ला (राजू) ने बताया कि गांव की यह रामलीला दो शताब्दियों (२०० वर्ष) से निरंतर एक ही स्थान पर निर्विघ्न आयोजित की जा रही है।

इस अवसर पर व्यास पंडित सियाराम शुक्ला, नवीन शुक्ला, अजीत कुमार द्विवेदी, विष्णु कांत शुक्ला, कैलाश प्रसाद त्रिपाठी, प्रदीप कुमार द्विवेदी, प्रेमचंद शुक्ला, शिव सूरत शुक्ला, रमाकांत तिवारी, अर्जुन प्रसाद शुक्ला एवं केसरी प्रसाद शुक्ला सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

एनटीपीसी मेजा रोड में 'द वार आफ रामायण' का मंचन

मेजा रोड (प्रयागराज)। विजयदशमी के अवसर पर २० अक्तूबर को एनटीपीसी मेजा रोड में साफ्ट पावर आर्ट एंड कल्चर के रंगमंडल सत्र २०२६-२७ के अंतर्गत महानाटक 'द वार आफ रामायण' का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी मेजा के महाप्रबंधक ने किया।

नाटक में रामायण के प्रमुख प्रसंगों को कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से जीवंत किया। प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के आदर्शों तथा सत्य और धर्म की विजय का संदेश दिया गया। नाटक में श्रीराम की भूमिका देवकांत, सीता की मधु पांडेय एवं पलक, लक्ष्मण की अमरीश गुप्ता, हनुमान की शिवकांत मौर्य और रावण की मंगला पांडेय ने निभाई। शोध, परिकल्पना एवं निर्देशन ज्ञान चंद्र वंशी ने किया।



एसआईआर में नाम काटने का आरोप गांवों में मतदाता सूची चस्पा करने की मांग

घूरपुर में रैली निकालकर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था लागू करने की उठायी आवाज

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर क्षेत्र में आयोजित रैली के दौरान वक्ताओं ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर के तहत गैरकानूनी तरीके से मतदाताओं के नाम काटे गये हैं और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है।

सभा में वक्ताओं ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित वर्ष २०२३ के कानून को रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही १० अप्रैल के बाद कथित रूप से बदले गये नामों की जांच कराने और संबंधित मतदाता सूची गांवों में चस्पा करने की मांग उठाई, ताकि लोग सूची का अवलोकन कर सकें। रैली के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए वक्ताओं ने इसकी निंदा की। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने पर जोर दिया। इस दौरान किसान सभा के डा. आशीष मित्तल, राजकुमार पथिक, विनोद निषाद, सुरेश निषाद, सुरेंद्र पटेल और मंजू देवी सहित क्रांतिकारी किसान संघटन से जुड़े उपेंद्र पटेल, गुजरात यादव, विजय राज, विजय यादव, राज यादव, रजनीश सिंह और शिवशंकर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

अध्यक्ष-मंत्री पदके प्रत्याशियोंने गिनायीं प्राथमिकताएं

दक्षता भाषण में अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और बार की व्यवस्था सुधारने का किया वादा



कोरांव (प्रयागराज)। अधिवक्ता संघ कोरांव के ३० अक्तूबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर शनिवार को तहसील सभागार में अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशियों का दक्षता भाषण आयोजित किया गया। प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, बार की व्यवस्था में सुधार और जूनियर अधिवक्ताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाते हुए समर्थन मांगा।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उमाकांत तिवारी ने जरूरतमंद अधिवक्ताओं की पुत्रियों के विवाह में सहायता देने की बात कही। दिनेश कुमार सिंह ने चैंबर, लाइब्रेरी और लैपटाप की व्यवस्था कराने तथा आर्थिक लेन-देन में पारदर्शिता का आश्वासन दिया। धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने हर परिस्थिति में अधिवक्ताओं के साथ खड़े रहने की बात कही। ललन कुमार तिवारी ने तहसील परिसर में सुलभ काम्प्लेक्स बनवाने, जबकि विजय शंकर मिश्र ने नियमित बैठक कर समस्याओं के समाधान और सभागार के नवीनीकरण का भरोसा दिलाया।

मंत्री पद के प्रत्याशी योगेंद्र नाथ द्विवेदी उर्फ राजू दुबे ने बार-बेंच के बीच बेहतर सामंजस्य, चैंबरों में बिजली-पानी की व्यवस्था और माडल बायलाज की विसंगतियां दूर करने की बात कही। त्रिवेणी प्रसाद यादव ने कोर्ट के डाइस को सुसज्जित कराने और जूनियर अधिवक्ताओं को इंटरनेट के माध्यम से विधिक कार्य सीखने की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक निर्वाचन अधिकारी दादाजी के सिंह ने किया। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी रोहिणी प्रसाद तिवारी, निर्वाचन सचिव श्याम मिश्रा, एल्डर कमेटी अध्यक्ष एपी सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

सेमरी बाघराय में सचल ग्राम न्यायालय का आयोजन २९ को

कोरांव, प्रयागराज। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरी बाघराय में सचल ग्राम न्यायालय का आयोजन आगामी २९ अक्तूबर को किया गया है। आयोजन उक्त ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर संपादित किया जायेगा।

उक्त बात की जानकारी बार संघ के मुखिया राम बहादुर सिंह मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल को पत्रक के माध्यम से ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अभयदीप विश्वकर्मा ने देते हुए समस्त अधिवक्ताओं के बीच परिचालित कराने के साथ अपने फरियादियों से संपर्क कर समय से पहुंचकर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराने को कहा है। बता दे कि सचल ग्राम न्यायालय का आयोजन उक्त स्थान पर सुबह ११ बजे से शाम ४ बजे तक प्रस्तावित है। जिसकी जानकारी बार संघ के मुखिया राम बहादुर सिंह और मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ल ने दी।

शरद पूर्णिमा पर आज होगी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा

झूंसी (प्रयागराज) आश्विन मास की पूर्णिमा पर २५ अक्तूबर को शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जायेगा, इसे कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। सनातन धर्म में इस पर्व का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और अपने भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। आश्रम के पदाधिकारी बृजमोहन पांडेय ने बताया कि नारद पुराण के अनुसार इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। श्रद्धालु विधि-विधान से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में जागरण कर श्रद्धापूर्वक पूजा करने वाले भक्तों पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा बनी रहती है। उन्होंने बताया कि झूंसी स्थित श्री स्वामी नरोत्तमानंद गिरि वेद विद्यालय में वेद विद्यार्थी रात्रि में विधि-विधान से पूजन-अर्चन करेंगे। इस दौरान खीर का भोग लगाया जायेगा और सुबह सूर्योदय से पूर्व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया जायेगा।

झूंसीके वेद विद्यालय में खीर का लगेगा भोग सूर्योदय से पूर्व होगा प्रसाद वितरण

लपांवमें पशु आरोग्य मेलेका आयोजन, २२० पशुओं का हुआ उपचार

१५ पशुओं का बधियाकरण, १४९ बकरियों को पिलायी गयी दवा पशुपालकों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

बरगढ़ (चित्रकूट)। विकासखंड मऊ की ग्राम पंचायत लपांव में शनिवार को पशुपालन विभाग की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। राजकीय पशु चिकित्सालय बरगढ़ के पशु चिकित्साधिकारी डा. सुशील यादव के नेतृत्व में आयोजित मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोपीनाथ पटेल ने गोपूजन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।मेले में पशुपालकों को पशु चिकित्सा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में १५० बड़े और ७० छोटे पशुओं सहित कुल २२० पशुओं का उपचार किया गया। इसके अलावा १५ पशुओं का बधियाकरण किया गया तथा १४९ बकरियों को दवा पिलाई गयी। वहीं, ४५ पशुओं की बांझपन संबंधी चिकित्सा की गयी। पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर भी वितरित किया गया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मऊ डा. रविशंकर गौतम ने पशुपालकों को विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पशुओं का नियमित टीकाकरण कराने, संतुलित आहार देने, खनिज मिश्रण का उपयोग करने और वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पशु फार्मासिस्ट भारत सिंह यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी अजीत साहू तथा पैरावेट सुशील शर्मा, राहुल सिंह, अंकित शुक्ल, रामकिशुन और अनिल आदिवासी का विशेष सहयोग रहा। पशुपालन विभाग के अनुसार, मेले का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को गांव के निकट चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना, पशुधन के स्वास्थ्य में सुधार करना और विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



बिरहा गायन के जरिए उस्ताद राजा रामपालको दी श्रद्धांजलि


सहसों (प्रयागराज)। लोक गायकी के मशहूर कलाकार गुरु भुल्लर के सरताज उस्ताद राजा रामपाल की स्मृति में मनसैता स्थित उस्ताद राजा रामपाल जूनियर हाईस्कूल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये और भावभीनी श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में आयोजित बिरहा गायन में लोकगायक वीरेंद्र कुमार सिंह विमल ने अपनी अनूठी गायन शैली और शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक लोकगीत और बिरहा की रचनाएं प्रस्तुत कर स्वर्गीय उस्ताद राजा रामपाल को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी प्रस्तुतियों पर ग्रामीण, युवा और बुजुर्ग श्रोता भावविभोर हो उठे। पूरे कार्यक्रम के दौरान लोक गायकी की स्वर लहरियों से माहौल संगीतमय बना रहा। कार्यक्रम के आयोजक एवं स्वर्गीय उस्ताद राजा रामपाल के पुत्र दिनेश पाल ने कलाकारों और क्षेत्र के लोगों का माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों ने उस्ताद राजा रामपाल के योगदान को याद करते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर कलाकार राकेश चौधरी, मुशर्रफ अली, अभिनव पाल, निर्भय पाल, सपना पाल, गौरव पाल, मधु पाल, सुधाकर पाल, नरसिंह यादव और बलराम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

छतनाग वार्ड-४५ में सड़कें बदहाल, जलभराव से राहगीर परेशान

गड्ढों से हादसे का खतरा, फिसलकर गिर रहे स्कूली बच्चे

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी के छतनाग वार्ड-४५ में सड़कों की बदहाली और जलभराव से स्थानीय लोगों व राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। छतनाग मुख्य मार्ग से सरायतकी होते हुए सरोज विद्याशंकर इंटर कालेज सहित आसपास के इलाकों को जोड़ने वाली सड़क पर पानी भरा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। सड़क पर बने गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, जलभराव के कारण सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते। इससे दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं, पैदल चलने वालों को भी काफी संभलकर रास्ता पार करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। सड़क से गुजरते समय बच्चे फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। यह मार्ग आसपास की बस्तियों और शिक्षण संस्थानों को जोड़ने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत और जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग और नगर निगम के अधिकारियों से सड़क का निरीक्षण कराने, जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने और क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी।



ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६०)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

हंडिया में अवैध खनन का आरोप

लाक्षागृह में युवक की मौत के मामले में कारर्वाई पर सवाल

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के बरौत चौकी, इमामगंज चौकी और हंडिया कोतवाली के विभिन्न इलाकों में कथित अवैध मिट्टी खनन का मामला लगातार चर्चा में है। आरोप है कि रात के अंधेरे में बिना वैध अनुमति मिट्टी का खनन और परिवहन किया जा रहा है। इससे सरकारी राजस्व को लाखों रुपये की क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। शिकायतों के बावजूद प्रभावी कारर्वाई नहीं होने को लेकर संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

इसी बीच लाक्षागृह में कथित अवैध खनन के दौरान युवक की मौत का मामला भी चर्चा में है। आरोप है कि घटना के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच आवश्यक है। यदि शिकायतों में लगाए गये आरोप सही पाए जाते हैं, तो जिम्मेदार लोगों की भूमिका तय कर नियमानुसार कारर्वाई की जानी चाहिए। स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि रात के समय मिट्टी के उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी निगरानी क्यों नहीं हो पा रही है। यदि खनन बिना अनुमति किया जा रहा है, तो संबंधित विभागों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। शिकायतों के निस्तारण और अब तक हुई कारर्वाई की निष्पक्ष समीक्षा की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस आयुक्त से लाक्षागृह में युवक की मौत के मामले की निष्पक्ष जांच कराने और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कारर्वाई सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही बरौत, इमामगंज और हंडिया क्षेत्र में कथित अवैध खनन की व्यापक जांच कराने की अपील की गयी है। मांग की गयी है कि खनन विभाग, पुलिस और अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही अथवा मिलीभगत प्रमाणित होती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कारर्वाई की जाए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अवैध खनन पर रोक लगाने, सरकारी राजस्व की रक्षा करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दांव-पेंच

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील के विकासखंड धनूपुर स्थित गिर्दकोट में दंगल कमेटी के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल दंगल प्रतियोगिता एवं पारंपरिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। अखाड़े में दूर-दराज से पहुंचे नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच और कुश्ती कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों में नया जोश भर दिया।

दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक (हंडिया) प्रशांत सिंह ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर कराया। अखाड़े में आमने-सामने उतरे पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जोरदार जोर-आजमाइश की, जिस पर दर्शकों ने लगातार तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया।



बारी-बारी से विभिन्न भार वर्गों में कुश्तियां करायी गईं और विजयी पहलवानों को आयोजकों द्वारा नकद पुरस्कार एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मेले एवं दंगल में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकी प्रभारी इमामगंज संजय कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद रहे।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान शैलेंद्र कुमार सिंह, बलजीत सिंह, भानु प्रताप सिंह, आशीष सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, राम सिंह, मनोज सिंह, सूरज सिंह, भूपेंद्र सिंह, कौशल सिंह, लेश बहादुर सिंह, भानु सिंह, शनि सिंह, सेवा सिंह, वीरेंद्र सिंह, करिश्मा सिंह, मनोज कुमार, डा. गणेश सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, डब्बू सिंह, जितेंद्र सिंह, दीपक सिंह, डा. राहुल सिंह, संदीप सिंह एवं आशीष कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में आयोजन समिति ने सभी अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

गिर्दकोर्ट में मेले का आयोजन

घूरपुर में नो-एंट्री के दौरान निकल रहीं हैं ओवरलोड ट्रकें

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर में नो-एंट्री व्यवस्था के उल्लंघन का मामला एक बार फिर सामने आया है। शुक्रवार शाम घूरपुर से प्रयागराज शहर की ओर एक साथ चार ओवरलोड ट्रकों के गुजरने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आरोप है कि ये ट्रक इरादतगंज नो-एंट्री प्वाइंट से ट्रैफिक पुलिसकर्मी की मौजूदगी में शहर की ओर निकले। हालांकि, वायरल तस्वीर की प्रामाणिकता और पूरे मामले की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर टाइम-स्टैम्प कैमरे से ली गयी बताई जा रही है। इसमें २३ अक्तूबर २०२६ को शाम ५:४८ बजे का समय दर्ज होने का दावा किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नो-एंट्री के दौरान भारी वाहनों को खुलेआम शहर की ओर जाने दिया जा रहा है, जिससे जाम और सड़क हादसों का खतरा बढ़ रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि घूरपुर थाना और गौहनिया चौकी से गुजरने के बाद भी ये ट्रक इरादतगंज नो-एंट्री प्वाइंट तक कैसे पहुंच गये।गौरतलब है कि १९ अक्तूबर २०२६ को भी नो-एंट्री के दौरान ट्रकों के प्रवेश का मामला सोशल मीडिया पर सामने आया था। उस समय डीसीपी यमुनानगर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसीपी कौंधियारा और यातायात विभाग को जांच कर आवश्यक कारर्वाई करने के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद चार ट्रकों के

तस्वीर वायरल होने से मचा हड़कंप